तापमान
अधिकतम 24 डिग्री
न्यूनतम 9 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार 17 दिसंबर 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 बड़ी लापरवाही : वन अधिकारियों को नहीं थी जंगल में बाघ होने की जानकारी




## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


## खबर संक्षेप

### गौठान में युवक-युवती का मिला शव

**बैकुण्ठपुर।** सिटी कोतवाली अंतर्गत एक गांव के गौठान में एक युवक एवं युवती का शव फांसी पर झूलते मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। खबर सुनने के बाद घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जुटने लगी, इसी बीच सिटी कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई और पुलिस मौके पर पहुंच कर पंचनामा एवं शिनाख्त की कार्रवाई उपरांत शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए अस्पताल भेजवाया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम जामपानी के गौठान में बीते दिवस युवक-युवती का शव फांसी पर लटकते पाए जाने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो शिनाख्त कार्रवाई के दौरान युवक की पहचान ग्राम जामपानी के केशव के रूप में हुई, वहीं युवती की पहचान नहीं हो पाई थी। बताया जाता है कि मृतक युवक केशव दो दिनों से अपने घर से गायब था, जिसकी तलाश परिजन द्वारा की जा रही थी। गौठान में फांसी पर झूलते शव मिलने के बाद परिवार में शोक का माहौल छा गया। बहरहाल सिटी कोतवाली पुलिस इस मामले को प्रेम प्रसंग के साथ विभिन्न पहलुओं को जोड़कर मामले की जांच में जुट गई है, इसके बाद ही मामले के रहस्यों का खुलासा हो पाएगा।

### गुरू घासीदास जयंती पर कल शुष्क दिवस

**बैकुण्ठपुर।** आबकारी आयुक्त छग रायपुर के पत्र क्रमांक/आब./ठेका/2025/1166 नवा रायपुर 10 मार्च 2025 के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कोरिया श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने छग आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा (1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार 18 दिसंबर को गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर जिले में शुष्क दिवस रहेगा। इस दिन जिला कोरिया की समस्त देशी, विदेशी एवं कंपोजिट मदिरा की फुटकर दुकानें, एफएल 3 (ग) पर्यटन बार, एफएल 4 (क) व्यवसायिक क्लब तथा अहाता पूर्णतः बंद रहेंगे। यह आदेश वर्ष 2025-26 की आबकारी नीति के अंतर्गत व्यवस्थापन एवं अन्य बिंदुओं की कंडिका 22 की उप कंडिका 22.1 के अनुसार जारी किया गया है। आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित समस्त अनुज्ञाधारियों एवं विभागीय अधिकारियों को दिए गए हैं। जिले में यह आदेश बैकुंठपुर, पटना, चरचा, पण्डोपारा एवं सोनहत स्थित मदिरा दुकानों, आर क्लब बार बैकुंठपुर तथा मितान पर्यटन बार पटना में प्रभावशील रहेगा।

### कलेक्टर जनदर्शन में 21 आवेदन

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुनी। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में 16 दिसंबर को कुल 21 आवेदन प्राप्त हुए।

### खाताधारी 1 जनवरी से कर सकेंगे ऑनलाइन लेन-देन

**मनेन्द्रगढ़।** के. लोकेश्वर राव अर्बन बैंक डेलीगेट मनेन्द्रगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि रेलवे अर्बन बैंक के खाताधारकों के लिए नएवर्ष 2026 की शुरूआत एक बड़ी राहत लेकर आएगी। 1 जनवरी 2026 से अर्बन बैंक के खाताधारी भी अन्य बैंकों की तरह ऑनलाइन लेन-देन की सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। दक्षिण पूर्व, दक्षिण पूर्व मध्य एवं पूर्व तटीय रेलवे को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटीज की बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की हाल ही में कोलकाता में आयोजित बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।

### दिन में जले वाहनों की लाइट, तापमान में गिरावट

# छाया घना कोहरा, जनजीवन प्रभावित





हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

रविवार व सोमवार को हल्के बादलों के बीच धूप छाव की स्थिति बनती रही, इसके चलते अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी हो गई। इसके पूर्व जोरों की ठंड पड़ रही थी।

इसी बीच आसमान में हल्के बादलों के कारण तापमान में हल्की बढ़ोतरी हुई। मौसम विभाग के अनुसार दो-तीन दिनों तक न्यूनतम तापमान में ज्यादा परिवर्तन नहीं होगी, इसके बाद अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान में गिरावट होना शुरू हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि दिसंबर के महीने में कड़ाके की ठंड का असर रहता है, ऐसे में दो-तीन दिनों बाद आसमान पूरी तरह से साफ होगा और फिर से कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना है। दिसंबर महीने में कड़ाके की ठंड के असर को देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा चालू माह के अंतिम सप्ताह में शीतकालीन अवकाश घोषित कर रखा है। फिलहाल बदली के कारण अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान में हल्की बढ़ोतरी हुई जरूर है, इसके चलते ठंड में मामूली कमी आई है, लेकिन जिले के मैदानी, वनांचल एवं पठारी क्षेत्रों में जमकर सर्दी पड़ रही है, कुछ दिन बाद मौसम पूरी तरह से साफ हो जाता है, ऐसे क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड के असर का सामना लोगों को करना पड़ सकता है।

#### घंटो घने कोहरे से घिरा रहा शहर

मंगलवार की सुबह के समय घना कोहरा छाया रहा, जो सूर्य निकलने के बाद तक कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण दृश्यता कम हो गई थी और वाहन चालकों को सूर्य निकलने के बाद भी हेडलाईट चालू कर चलना पड़ रहा था। वहीं बैकुंठपुर से सोनहत मार्ग का शिवघाट भी घने कोहरे की चादर से लिपटा रहा, इस मार्ग से आने जाने वाहन चालकों को हेडलाईट चालू कर सतर्कता से वाहन चलाना पड़ा।

# अश्लील वीडियो वायरल, 32 लाख की ठगी, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



सिटी कोतवाली पुलिस ने अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर अलग-अलग बैंक खातों के माध्यम से 32 लाख रूपए की ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी विजेन्द्र कुमार यादव निवासी जूनापारा बैकुंठपुर द्वारा थाना बैकुंठपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 21 मई 2023 को रात्रि लगभग 8 बजे उसके मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा वीडियो कॉल किया गया। जान-पहचान का समझकर जब प्रार्थी ने कॉल रिसीव किया, तो मोबाइल स्क्रीन पर एक युवती नग्न अवस्था में दिखाई दी। घबराकर प्रार्थी ने तत्काल कॉल काट दी, इसके पश्चात एक महिला द्वारा प्रार्थी के मोबाइल पर वीडियो कॉल का स्क्रीनशॉट एवं आपत्तिजनक फोटो भेजकर 50 हजार रूपए की मांग की गई। रकम नहीं देने पर उक्त सामग्री को वायरल करने की धमकी दी गई। भयभीत होकर प्रार्थी ने अलग-अलग बैंक खातों के माध्यम से कुल 32 लाख रूपए आरोपियों को दे दिए। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बैकुंठपुर में अपराध क्रमांक 168/23, धारा 388, 420, 120-बी भादवि एवं 66 (घ) आईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही थी।

विवेचना के दौरान पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी राजेश साहू के नेतृत्व में थाना बैकुंठपुर व साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित की गई। बैंक खातों एवं मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी मकसूद उर्फ मक्कू पिता आजाद उम्र 28 वर्ष निवासी पेमा खेड़ा, थाना पुन्हाना, मेवात (हरियाणा) तथा प्रदीप पिता जगराम चौधरी उम्र 20 वर्ष निवासी तातरपुर, मेवात (हरियाणा) को मेवात (हरियाणा) एवं अलवर (राजस्थान) से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों को 15 दिसंबर को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विपिन लकड़ा, साइबर प्रभारी निरीक्षक विनोद पासवान, प्रधान आरक्षक दीपक पांडे, साइबर आरक्षक अमरेशानंद एवं आरक्षक दिनेश उईके का विशेष योगदान रहा।

# खेलकूद स्पर्धा में बच्चों की दिखी प्रतिभा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मेरा युवा भारत कोरिया, छग द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता के अंतर्गत फुटबॉल, रस्साकसी, गोला फेंक, तवा फेंक, 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़ आयोजित की गई। ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताएं सोनहत एवं बैकुंठपुर में आयोजित की गई थीं, जिनके विजेता प्रतिभागियों ने सोमवार को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा तथा विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत सदस्य रीना साहू, सूरज कुमार (नोडल खेल अधिकारी, कोरिया) एवं संजय चिकजुरी (मंडल अध्यक्ष, भाजपा) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए सौरभ निषाद, जिला युवा अधिकारी (मेरा युवा भारत कोरिया) ने जानकारी दी।

मुख्य अतिथि श्री पैकरा ने कहा कि खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेना युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। खेल से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, बल्कि अनुशासन और टीम भावना भी विकसित होती है। वहीं जनपद सदस्य रीना साहू ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मेरा युवा भारत कोरिया की ओर से युवा मंडलों को स्पोर्ट्स किट अतिथियों के करकमलों से प्रदान की गई। सभी विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन कार्यालय सहायक, मेरा युवा भारत कोरिया राजीव साहू ने किया। आयोजन में योगेश साहू, चंद्रकेश्वर त्रिदेव, सनी सहित काफी संख्या में खिलाड़ी एवं युवा उपस्थित रहे।

#### प्रतियोगिता के परिणाम

बालक वर्ग 200 मीटर दौड़, प्रथम हिमांशु सिंह, द्वितीय, लोकनाथ, तृतीय राकेश रहे। इसी तरह बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ में प्रथम पूजा, द्वितीय,गायत्री, तृतीय प्रतिज्ञा पैकरा, गोला फेंक में प्रथम अजय कुमार, द्वितीय आशीष साहू, तृतीय आदित्य सिंह, तवा फेंक में प्रथम रीमा सिंह, द्वितीय मानमती, तृतीय प्रियंका, स्साकसी में प्रथम एसंटी गर्ल्स चारपारा बैकुंठपुर ब्लॉक, द्वितीय सोनहत टीम (सोनहत ब्लॉक) फुटबॉल में प्रथम घुघरा टीम सोनहत ब्लॉक, द्वितीय दादाभाई क्लब बैकुंठपुर रहे।

### मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन अब 23 को

**अनूपपुर।** निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण किया जा रहा है। आयोग द्वारा संशोधित समय सारणी के अनुसार अब मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन अब 23 दिसंबर को किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षल पंचोली ने बताया कि सभी रिटर्निंग आफीसर 18 दिसंबर तक गणना पत्रक का कार्य अनिवार्य रूप से पूरा कर लें। 19 दिसंबर से 22 दिसंबर तक अंतिम मतदाता सूची का प्रारूप तैयार कर लें। मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन सभी मतदान केन्द्रों तथा निर्धारित कार्यालयों में 23 दिसंबर को होगा।

# धान खरीदी में पारदर्शिता पर जोर

■ कलेक्टर ने दिए सख्त और स्पष्ट निर्देश




**बैकुण्ठपुर।** जिले में 15 नवंबर से प्रारंभ हुई धान खरीदी प्रक्रिया 31 जनवरी 2026 तक जारी रहेगी। धान खरीदी को पारदर्शी, सुव्यवस्थित और किसान-हितैषी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी द्वारा नियमित समीक्षा की जा रही है।

मंगलवार को आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने नोडल अधिकारियों एवं संबंधित विभागों को कई महत्वपूर्ण और सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि हमालों को भुगतान में किसी भी प्रकार की देरी स्वीकार्य नहीं होगी। सहकारिता विभाग से समितिवार भुगतान की स्थिति की जानकारी ली गई तथा जिन समितियों में भुगतान लंबित है, वहां तत्काल भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने दोहराया कि किसानों से जबरन हमाली नहीं कराई जाए और स्वेच्छा से सहयोग करने वाले किसानों को नियमानुसार पारिश्रमिक अवश्य दिया जाए। ⏭ शेष पेज 4 पर

# खरमास शुरु, मांगलिक कार्यों पर मकर संक्रांति तक रोक

**बैकुण्ठपुर।** मंगलवार से खरमास प्रारंभ हो गया, इसके साथ ही विवाह, मुंडन,जनेउ संस्कार सहित गृह प्रवेश व अन्य शुभ कार्यों पर विराम लग गया है। इस वर्ष साल के अंतिम माह दिसंबर में गिनती के ही विवाह के शुभ मुहूर्त थे, जो चालू माह के पहले सप्ताह में ही समाप्त हो गए।

इस तरह साल के आखिरी माह में गिनती के दिन ही विवाह मुहूर्त रहे और इसके बाद 16 दिसंबर से खरमास प्रारंभ हो गया। खरमास शुरू होने के बाद किसी भी तरह का शुभ कार्य को करने की मनाही होती है। इस दौरान केवल श्रद्धापूर्व पूजा-अर्चना किया जा सकता है, लेकिन नए शुभ कार्य पर पूर्णतः विराम लग जाता है,इसके बाद अब नए साल 2026 में ही खरमास समाप्त होने के बाद विवाह सहित अन्य तरह के शुभ कार्यों की शुरूआत की जा सकेगी।

जानकारी के अनुसार अगले माह 14 जनवरी मकर सक्रांति के साथ खरमास समाप्त हो जाएगा, इसके साथ सभी तरह के शुभ कार्यों में लगा विराम हट जाएगा और फिर वैवाहिक कार्यक्रमों की शुरूआत होने के साथ विभिन्न तरह के शुभ कार्यों की शुरूआत हो सकेगी।

# लाईवलीहुड कॉलेज के प्राचार्य सड़क दुर्घटना में घायल



**बैकुंठपुर।** जिला पंचायत कोरिया के सहायक परियोजना अधिकारी एवं लाईवलीहुड कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य ए.पन्ना सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें शहर के निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

मिली जानकारी के अनुसार सहायक परियोजना अधिकारी जिला पंचायत कोरिया ए. पन्ना घटना दिवस शनिवार को अपरान्ह 3:30 बजे स्कूटी से ग्राम कसरा की ओर गढ़ेलपारा होते जा रहे थे, इसी दौरान वे जैसे ही गेज नदी पार कर भाड़ी कंचनपुर तिराहे पर पहुंचे, इसी दौरान विपरीत दिशा से अज्ञात बाइक चालक मोड़ पर स्कूटी को ठोकर मारते हुए फरार हो गया। इस घटना में ए. पन्ना गिर गए और इस घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना स्थल के पास ही मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र साहू भी थे, उन्होंने दुर्घटना में घायल को शहर के निजी अस्पताल पहुंचाया। वहीं दुर्घटना की खबर मिलने पर अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन व सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारी घायल से मिलने अस्पताल पहुंचे। जानकारी के अनुसार इस घटना में सहायक परियोजना अधिकारी ए.पन्ना के घुटने में गंभीर चोटे आई है।

### केबी पटेल नर्सिंग एवं बीएड कॉलेज में आयोजन

# आनंद मेले जैसे आयोजन से निखरती है छात्र-छात्राओं की प्रतिभाः पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल



डोमनहिल-चिरमिरी क्षेत्र का लाईफ लाइन माने जाने वाले केबी पटेल नर्सिंग एवं बीएड कॉलेज द्वारा आयोजित आनंद मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र के महाप्रबंधक अशोक कुमार ने कहा कि आनंद मेला जैसे आयोजनों से छात्र-छात्राओं में रचनात्मकता, आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक कौशल का विकास होता है। उन्होंने कहा कि ऐसे मंच विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देते हैं, वहीं अभिभावक एवं आगंतुक खरीदारी कर बच्चों का उत्साहवर्धन करते हैं। मेले में छात्राओं द्वारा स्वच्छता सहित सामाजिक संदेश प्रस्तुत किए गए, जिससे यह आयोजन शिक्षाप्रद भी रहा। कार्यक्रम में संपदा महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती बबीता कुमार, संस्था के चेयरमेन एनआरआई चंद्रकांत पटेल, नर्सिंग एवं बीएड कॉलेज के शिक्षकगण सहित काफी संख्या में अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बीएड एवं नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। सभी स्टॉलों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा गया। इस अवसर पर चंद्रकांत पटेल ने कहा कि बच्चों में हुनर की कोई कमी नहीं है, ऐसे आयोजन उनके अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने का माध्यम बनते हैं। आनंद मेला एक सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक आयोजन के रूप में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। संस्था के डायरेक्टर विश्वजीत बारिक ने कहा कि संस्था का उद्देश्य ऐसे कार्यक्रम आयोजित करना है, जो छात्रों के भविष्य निर्माण में सहायक हों। आयोजन को सफल बनाने में प्राचार्य प्रियांशु सिंह, श्रीमती मंजू लता कश्यप सहित समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

#### कई राज्यों के व्यंजनों ने बढ़ाया आकर्षण

आनंद मेले में छात्राओं द्वारा गुजरात, महाराष्ट्र, बिहार, मध्य प्रदेश, छग, ओडिशा, राजस्थान, पंजाब, चेन्नई, आंध्र प्रदेश सहित चाइनीज व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए। अलग-अलग राज्यों की पारंपरिक वेशभूषा में छात्राओं ने व्यंजन परोसे। इस दौरान बीएड छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सामूहिक नृत्य को खूब सराहना मिली। अतिथियों एवं अभिभावकों ने स्टॉलों का निरीक्षण कर बच्चों के हाथों बने व्यंजनों की प्रशंसा की।


जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप



### विकासखंड की विभिन्न प्राथमिक शालाओं के बच्चों को बांटे गए स्वेटर

**भैयाथान।** प्रकाश इंडस्ट्रीज कोल माइंस द्वारा विकासखंड की 40 प्राथमिक शालाओं के लगभग 12 सौ छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में स्वेटर वितरण कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ जनपद उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में किया गया। ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए भास्करपारा स्थित प्रकाश इंडस्ट्रीज कोल माइंस के डायरेक्टर एके चतुर्वेदी के निर्देश पर यह पहल की गई है, जिसके तहत विकासखंड की विभिन्न प्राथमिक शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत प्राथमिक शाला खाड़ापारा, दानौली, केवरा भैयाथान एवं बप्पा शाला खाड़ापारा में विद्यार्थियों को स्वेटर वितरण कर की गई। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह ने कोल माइंस के इस जनहितकारी कार्य के लिए प्रबंधन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सामाजिक दायित्व निभाने से जरूरतमंद बच्चों को सीधा लाभ मिलता है। इस दौरान कोल माइंस की ओर से डी पात्रा, विजय यादव, पीके सिंह, विकासखंड शिक्षा अधिकारी फूलसाय मराबी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी घनश्याम सिंह तथा जन शिक्षक प्रमोद दुबे उपस्थित रहे।

### छात्र हित से जुडी समस्याओं को लेकर कुलपति को सौंपा ज्ञापन



**अंबिकापुर।** संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयों में छात्र छात्राओं को होने वाली समस्याओं को लेकर युवा कांग्रेस ने कुलपति को ज्ञापन सौंपा। युवा कांग्रेस आरटीआई विभाग के चेयरमैन हिमांशु जायसवाल के नेतृत्व में छात्र छात्राओं ने कुलपति प्रो. राजेन्द्र लकपाले से मुलाकात की। इस दौरान युवा कांग्रेस ने बताया कि प्राइवेट परीक्षा देने वाले बहुत से छात्र आवेदन नहीं कर सके है इसके लिए परीक्षा के आवेदन हेतु समय सीमा बढ़ाई जाए। विश्वविद्यालय में छात्र सहायता एंड्रायड ऐप बनाया जाए जिससे छात्रों को समस्त जानकारी वन क्लिक से मिल सके इसके साथ ही एप में ऑनलाइन आवेदन भरने की व्यवस्था हो। छात्रों की सुरक्षा को देखते हुए भकुरा में पुलिस चौकी, एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोला जाए जिससे अगर कोई स्थिति बनती है तो तुरंत उपचार और कार्रवाई हो सके। हिमांशु ने बताया कि अगर विश्वविद्यालय के गलती से छात्र को विश्वविद्यालय में भटकना पड़ा तो उनके आने जाने का ट्रैवलिंग अलाउंस भी विश्वविद्यालय को देना होगा। इन सब मांगो को विचार करते हुए कुलपति ने छात्रहित में जल्द पूरे करने का आश्वासन दिया। इस दौरान सुरेंद्र गुप्ता, आयुष गुप्ता, कृष्ण यादव, प्रमोद जायसवाल, सत्यम यादव, अभिनव काशी आदि उपस्थित थे।

### विधिक साक्षरता शिविर ग्रामीणों को दी गई कानूनों की जानकारी



**रामानुजगंज।** ग्राम पंचायत महावीगंज में आज विशाल विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला न्यायाधीश एवं अन्य न्यायधीशों व अधिवक्ताओं द्वारा ग्रामीणों को कानूनी जानकारी दी। इस अवसर पर जनपद पंचायत कृषि स्थाई समिति रामचंद्रपुर राजकुमार यादव, थाना प्रभारी अश्विनी सिंह, सरपंच श्रीमती निर्मला सिंह, उप सरपंच श्रीमती मालती नागवंशी, सचिव रामप्रीत सिंह, रामपुकार यादव, पंच माखन नागवंशी, आनंद यादव, परमानंद ठाकुर, मनोहर यादव, इंतेखाब अंसारी, गनू रवि, नरेश भगत, रामलखन पटेल, शिवनाथ सिंह, सुदर्शन प्रजापति, पारसनाथ प्रजापति, शिवदास सिंह, विद्यासागर सिंह, बासदेव सिंह, अमरनाथ सिंह, जगन्नाथ सिंह, बादेव प्रजापति, जयराम प्रजापति, सुभान अंसारी, मोकरम अंसारी, लुकमान अंसारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और शिविर का लाभ उठाए।

### नपं के विकास कार्य के लिए मिली 235 लाख की स्वीकृति

**कुसमी।** सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा के प्रयास से कुसमी नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में विकास कार्य हेतु 235.04 लाख रुपए राशि की



नगरीय प्रशासन रायपुर से प्राप्त हुई है। विधायक ने नगर पंचायत के विकास कार्य के लिए प्रस्ताव पारित कर रायपुर मंत्रालय में राशि स्वीकृति प्रदान कराने की मांग भिजवाई थी। इसी प्रकार पूर्व में भी लवकशपुर नदी में करोड़ों रुपए की राशि से डायवर्सन बांध, चांदो में भूपका जलाशय योजना, रातसिली ग्राम पंचायत अंतर्गत पूर्व में बने हुए अधूरे बांध की करोड़ों रुपए की राशि दिलाने की स्वीकृति सहित चांदो कंठी घाट में सड़क निर्माण कार्य, सामरी से चरहट मार्ग में 7 करोड़ की सीसी सड़क निर्माण सहित आदिवासी सुदूर अंचल में प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना एवं प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत पक्की सड़क निर्माण सहित पुल पुलिया के निर्माण, छात्रावास निर्माण कराने की स्वीकृति प्रदान कराने में सामरी विधायक ने क्षेत्र के लिए सराहनीय भूमिका निभाई गई है।

### बनने के बाद ही उखड़ रही सड़क, 84 करोड़ की लागत से बन रही सड़क

# पांच साल बाद भी पूर्ण नहीं हो सकी प्रतापपुर-राजपुर की सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

प्रतापपुर-राजपुर मार्ग पर चल रहे पीडब्ल्यूडी विभाग का सड़क और नाली निर्माण में गुणवत्ता को दरकिनार कर किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है पांच साल से बन रहे सड़क निर्माण कार्य आज तक पूर्ण नहीं हो सकी।आलम यह है कि सड़क व नाली निर्माण के कछुआ गति से चल रहे कार्य अब राहगीर समेत क्षेत्र वासियों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। गुणवत्ताहीन निर्माण से जहां बनने के बाद ही सड़क उखड़ने लगी है तो कई जगह भारी वाहनों के आने जाने नवनिर्मित सड़क पर ही गड्ढे हो गए है। ऐसा नहीं है कि संबंधित विभाग अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं है बावजूद इसके किसी प्रकार के ध्यान नहीं देने से इसका खामियाजा राहगीर समेत क्षेत्र वासियों को भुगतना पड़ रहा है।

**खास बात**

- घटिया सड़क और नाली निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों में आक्रोश

प्रतापपुर-राजपुर के बीच लोक निर्माण विभाग द्वारा की स्वीकृति के बाद से ठेकेदार द्वारा करोड़ों की लागत से टू लेन सड़क निर्माण कराया जा रहा है। 84 करोड़ की लागत से बन रही सड़क निर्माण बड़े ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है। 28 किलो मीटर की सड़क निर्माण शुरू हुए पांच साल होने को बावजूद इसके आज तक पूर्ण नहीं सकी। भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश तायल ने इस सड़क मार्ग पर हो रहे निर्माण पर सवाल उठाया है। उन्होंने बताया कि सड़क अभी पूरी तरह से बनकर तैयार भी नहीं हुई और 5 वर्षों से बन रही है। सड़क बनते के साथ उखाड़ना शुरू हो गया है जिससे सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे है। बीच-बीच में पेंच रिपेयरिंग का कार्य भी चल रहा है जिससे अनुमान लगाया जा सकता है कि करोड़ों की लागत से बन रही प्रतापपुर से राजपुर सड़क निर्माण गुणवत्ता पर कितना ध्यान दिया जा रहा है। सड़क में मोटा ढलाई कंक्रीट सड़क का निर्माण हुआ है और डामरीकरण का भी काम चल रहा है। बावजूद इसके सड़क निर्माण आज तक पूरा नहीं हो सका और जगह-जगह सड़क दब गया है और गई जगह टूट गई है। इतना ही नहीं सड़क गुणवत्ता की जांच करने विभागीय अधिकारी या इंजीनियर साइट पर मौजूद नहीं होते ऐसे में ठेकेदार द्वारा मनमानी तरीके से गुणवत्ता को दरकिनार कर सड़क और नाली निर्माण करा रहे है। जबकि पीडब्ल्यूडी के नियमानुसार, हर निर्माण स्थल पर तकनीकी निरीक्षण, कार्य डायरी, गुणवत्ता नियंत्रण परीक्षण और इंजीनियर की उपस्थिति अनिवार्य होती है, लेकिन यहां इन सभी नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। ऐसे में सड़क और नाली कितना टिकाऊ होगा इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।



निर्माणाधीन आधी-अधूरी सड़क।

#### सड़क की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल

प्रतापपुर-राजपुर सड़क की सबसे बड़ी खास बात यह है कि आधा सड़क पीडब्ल्यूडी विभाग सूरजपुर में आता है जबकि आधा सड़क बलरामपुर रामानुजगंज डिवीजन में आता है। जिसके वजह से सड़क के गुणवत्ता को लेकर सवाल उठता है। हालांकि पूरे सड़क निर्माण को बलरामपुर जिले से पीडब्ल्यूडी अधिकारी संचालित करते हैं। अधिकारियों की सांठगांठ पर ठेकेदार की मनमानी के वजह से सड़क की हालत बद से बत्तर हो गई है।

#### छोटी पुलिया का कार्य नहीं हुआ शुरू

राजपुर रोड के कई हिस्सों पर प्रस्तावित छोटी पुलिया का कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं किया गया है। जबकि यह पुलिया जल निकासी और सड़क की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक थीं। बिना पुलियों के बारिश का पानी नालियों में समुचित रूप से नहीं बह सकेगा। ऐसे में आने वाले दिनों में सड़क किनारे कटाव और धंसाव की समस्या बढ़ेगी, भारी बारिश के दौरान जलभराव से आमजन को भारी परेशानी और दुर्घटनाओं का खतरा अधिक होगा। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह निर्माण कार्य पिछले पांच वर्षों से चल रहा है, लेकिन आज तक न पूर्णता की कोई उम्मीद दिख रही है और न ही निर्माण की गुणवत्ता में कोई सुधार हुआ है।

#### कराई जाएगी जांच

घटिया सड़क निर्माण कराने पर विभागीय अधिकारियों से जवाब तलब की जाएगी, साथ ही जांच के आदेश दिए जाएंगे। गुणवत्ता सही नहीं पाए जाने पर जांच कार्रवाई करने के लिए निर्देशित करती हूं।
-ललिता भगत, एसडीएम प्रतापपुर



### डीएवी स्कूल में एक दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड,उत्कृष्टता केन्द्र भुनेश्वर, उड़ीसा के तत्वावधान में शनिवार को स्कूल शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढाँचा 2023 विषय पर एक दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में आयोजक डीएवी स्कूल बिश्रामपुर, डीएवी भटगांव, पांडवपारा, डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जमड़ी, ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल अंबिकापुर, कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल अंग्रेजी माध्यम बिश्रामपुर, साधुराम विद्यामंदिर सूरजपुर एवं माउंट लिटरा स्कूल के विविध विषयों के 55 अध्यापक-अध्यापिकाएं कार्यशाला में सम्मिलित होकर लाभान्वित हुए।

- विभिन्न स्कूलों से अलग-अलग विषयों के 55 अध्यापक-अध्यापिकाएं कार्यशाला में सम्मिलित होकर हुए लाभान्वित

इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यालयी शिक्षा को अधिक समावेशी, लचीला, व्यावहारिक और बाल-केंद्रित बना कर विद्यार्थियों को रचनात्मक, आत्मनिर्भर, जिम्मेदार और वैश्विक नागरिक के रूप में विकसित करना है। इस अवसर पर प्राचार्य द्वारा प्रकाश कुमार गुप्ता, समन्वयक एचिवर्स पब्लिक स्कूल बिलासपुर व शर्मिला मुखर्जी, पीजीटी हाट्र्स एजुकेशनल एकेडमी रायपुर को सैंपलिंग प्रदान कर उनका स्वागत किया गया। कार्यशाला के वेन्यू डायरेक्टर अनामिका भारती ने रिसोर्स परसन एवं कार्यशाला में उपस्थित सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं का हार्दिक स्वागत करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा में गुणात्मक सुधार, बच्चों का सर्वांगीण विकास एवं विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों का विकास अत्यावश्यक है। राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढाँचा 2023 में रटंत विद्या प्रणाली की बजाय समझ-आ धा रि त , गतिविधिपरक और अनुभवात्मक शिक्षा पर विशेष ज़ोर दिया गया है। ऐसी कार्यशाला से शिक्षकों में विविध कौशलों के विकास के साथ- साथ तकनीकी ज्ञान भी विकसित होता है। कार्यशाला के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों की वास्तविक समझ और कौशल का आकलन, जीवन कौशल, नैतिक मूल्य, विषय चयन की स्वतंत्रता आदि बिंदुओं पर ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी जानकारियां प्रदान की। उन्होंने विषयगत शंकाओं एवं समस्याओं का समाधान कर सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को कार्यशाला से प्राप्त ज्ञान एवं कौशलों को कक्षा में व्यावहारिक रूप देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार वरिष्ठ अध्यापक एलके दास ने किया।

## आरएसएस का गोधनपुर में हिन्दू सम्मेलन आयोजित





हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आरएसएस के कार्यों के सम्मान में गोधनपुर में हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे, पुरूष शामिल हुए। सम्मेलन की अध्यक्षता संघ के विभाग प्रचारक हेमन्त नाग ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भी श्री नाग थे।

रविवार को गोधनपुर के योगेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में इस वृहद हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। मां सरस्वती देवी एवं प्रभु श्रीराम व हनुमान जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। श्री हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ उपरांत संघ के विभाग प्रचारक हेमंत नाग ने वहा उपस्थित लोगों को संबोधित किया। श्री नाग ने कहा कि आज हिन्दू समुदाय को अपनी,अपनी आने वाली पीढ़ी व अपने धर्म को बचाए रखने के लिए आगे आना होगा। अब समय है हिन्दू समाज को जागृत होने का। हम, हमारा हिन्दू समाज पहले क्या था और आज हम क्या हो गए हैं, इसकी गहन समीक्षा की आवश्यकता है। हिन्दू को स्वयं जागृत होकर दूसरों को भी जागृत करना होगा। हम यदि अब भी समय रहते नहीं सचेत हुए तो आने वाला हमारा भविष्य सुरक्षित नहीं नजर आ रहा है। कार्यक्रम में गोधनपुर में निवासरत हर समाज के बुजुर्गों का सम्मान किया गया। विभिन्न समाज की ओर से जगनारायण गुप्ता, बच्चा सिंह, अजय तिवारी, मातृशक्ति से सुमन द्विवेदी, चांददेव विश्वकर्मा आदि का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। मंच पर उपस्थित अतिथियों के परिचय एवं संक्षिप्त उद्बोधन पश्चात अजय तिवारी ने कहा अब हिन्दू परिवार को संगठित रहना होगा। मातृशक्ति से श्रीमती सुमन द्विवेदी ने परिवार में संस्कार की बुनियाद में माताओं एवं बहनों के योगदान पर विस्तृत चर्चा की गई। जगनारायण गुप्ता ने कहा यह सम्मेलन का सार्थक आयोजन है। समय-समय पर ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। कार्यक्रम पश्चात सम्मेलन में उपस्थित लोगों को प्रसाद वितरण किया गया, साथ ही सहभोज के आयोजन में सभी उपस्थित जन शामिल हुए।

#### बैनर पोस्टर से पटा वार्ड

हिन्दू सम्मेलन के आयोजन में वार्ड को बैनर पोस्टर से पाट दिया गया था। जगह-जगह झंडी एवं स्वागतम गेट लगाए गए थे। हिन्दू सम्मेलन में आगंतुको का पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया गया। सम्मेलन के इस वृहद आयोजन में अभय पालोलकर, पार्षद शिवमंगल सिंह, माघवेन्द्र सिंह, गोधनपुर शाखा कार्यवाहक अजय जायसवाल, बस्ती प्रमुख गुरू चरण सिंह, पालक श्रीरंजन खैरपाण्डे, चरण सिंह सैनी, शिव गुप्ता, शुभम तिवारी, हैप्पी सिंह, अर्नव सिंह, मनोज पासवान एवं रविकांत सिंह सहित बड़ी संख्या में आरएसएस से जुड़े लोग उपस्थित थे।

## कार्यशाला में न्यायाधीश ने दी अपराधों की विधिवत विवेचना एवं साक्ष्य संकलन की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



अपराध विवेचना की गुणवत्ता बढ़ाने और साक्ष्य संकलन को मजबूत करते हुए आरोपियों को सजा दिलाने को लेकर जिला पंचायत के सभाकक्ष में बीएनएस, बीएनएसएस, एनडीपीएस एक्ट व पाक्सो एक्ट की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती विनीता वार्नर की उपस्थिति में किया गया।

कार्यशाला में न्यायाधीश द्वारा नवीन कानूनों, प्रमुख धाराओं और कानूनी प्रक्रियाओं की बारीकियों से पुलिस अधिकारी व विवेचकों को अवगत कराया गया। कार्यशाला में विवेचकों द्वारा विवेचना से जुड़े प्रश्नों का समाधान न्यायाधीश द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती विनीता वार्नर ने कहा कि अपराध की विवेचना में त्रुटियां न हो यह सुनिश्चित करने यह कार्यशाला उपयोगी साबित होगी, विवेचकों में विवेचना के प्रति ज्ञान बढ़ेगा और पीड़ितों को न्याय व आरोपियों को सजा दिलाने में कारगर साबित होगा। उन्होंने विवेचना में एफआईआर से लेकर चालान पेश करने तक क्या-क्या कार्रवाई सुनिश्चित की जानी है, खामियां कहा होती है और विधिवत तरीके से विवेचना पूर्ण करने जरूरी मार्गदर्शन दिए। कलेक्टर एस जयवर्धन ने कहा कि कार्यशाला से विवेचकों को लाभ होगा और विवेचना के स्तर में सुधार आएगा तथा अपराध करने वाले आरोपी सजा के दायरे में लाए जा सकेंगे। प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि कई बार जानकारी के अभाव में एनडीपीएस एक्ट से जुड़े मामलों में चूक हो जाती है जिसका फायदा अभियुक्त को मिलता है। उन्होंने एनडीपीएस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने से लेकर सही तरीके से अनुसंधान की जानकारी दी। द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुमित कुमार हर्षमाना ने नवीन कानून बीएनएस, बीएनएसएस के प्रावधानों को बताया और कहा कि विवेचना में प्रक्रियात्मक खामियां न करें, सबूतों को सही ढंग से इकट्ठा करें, डिजिटल साक्ष्यों को बारीकी से प्राप्त करें ताकि साक्ष्य मजबूत हो और अपराधी को दण्ड मिल सकें। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद प्रकाश वारियाल द्वारा पॉक्सो एक्ट एवं जेजे एक्ट के महत्वपूर्ण प्रावधानों को बताया। कार्यशाला के आयोजक व जिले के एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने उपस्थित विवेचकों को कहा कि कार्यशाला से प्राप्त मार्गदर्शन का उपयोग बेहतर अपराध अनुसंधान में करें।



### पीएम आवास में प्रगति कार्य का निरीक्षण

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन में जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के शीघ्र एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

योजना की प्रगति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रशासन प्रत्येक हितग्राही से सीधे संवाद कर रहा है। इसी क्रम में गत दिवस कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिलेभर के सरपंचों, सचिवों एवं तकनीकी सहायकों की बैठक लेकर आवास योजना की प्रगति की समीक्षा की थी तथा सभी अधिकारियों को हितग्राहियों से निरंतर संपर्क बनाए रखने के निर्देश दिए थे। निर्देशों के पालन में जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने विकासखंड बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत डुमरिया का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने डोर-टू-डोर निरीक्षण कर हितग्राहियों से चर्चा की तथा उन्हें शीघ्र आवास निर्माण पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया।

### किसान के खेत से सोलर सबमर्सिबल पंप सेट चोरी

**अंबिकापुर।** राम बहादुर कुशवाहा द्वारा अपने खेत में सौर सुजला योजना के तहत 3 एचपी का सोलर सबमर्सिब्ल संयंत्र का सोलर पंप मोटर, केबल तार, रोप वायर अपने भगवानपुर खुर्द स्थित खेत में लगवाया गया था। 11 दिसम्बर को जब किसान खेत पहुंचा तो उसका 3 एचपी सोलर सबमर्सिबल पंप सयंत्र का सोलर पंप मोटर, केबल, रोप वायर 55मीटर, एचडीपीई पाइप नहीं था। किसान की शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस की धरा 303 (2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

#### सामाजिक संगठनों में आक्रोश

## बूचड़खाना ले जा रहे मवेशियों से भरा पिकअप पलटा, 4 गायों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/सेदम

बतौली क्षेत्र के ग्राम बिलासपुर में आज तड़के मवेशियों से भरा पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना में पिकअप में भरे 9 मवेशियों में से चार मवेशी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मवेशी तस्कर मौके से फरार हो गए। इधर घटना की जानकारी लगने पर हिन्दू संगठन गायों को वाहन से बाहर निकाल सेवा में लगे रहे तथा पुलिस की उदासीन रवैया को लेकर भारी आक्रोशित है।

जिले में गौ तस्करी नई बात नहीं है कई वर्षों से लगातार तस्कर अंबिकापुर बतौली बगीचा मार्ग से होते हुए पिकअप में मवेशियों को ठूस ठूस कर कर अंतर्राज्यीय तस्करी कर पुलिस प्रशासन के नाक के पशु क्रूरता अधिनियम की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे है। आज भी तड़के 3 बजे राज्य राजमार्ग 43 ग्राम बिलासपुर पुलिया के समीप बालगोविंद यादव के घर के सामने खराब सड़क में तेज रफ्तार पिकअप क्रमांक यूपी 64 बीटी 4247 खराब सड़क के गड्ढे भरने गिट्टी चुरा से टकराकर पिकअप खेत में पलटी गई। वाहन के पलटने की आवाज सुन बालगोविंद यादव निकल कर बाहर देखे तो वाहन से गायों की आवाज सुनकर मौके पर गए तो वाहन में 9 गायों को ठुस ठुस कर बांध कर भरा हुआ था जबकि चालक मौके से फरार हो चुका था। इधर घटना की खबर हिन्दू संगठन सहित ग्रामीणों को लगी तो सभी मौके पर पहुंच वाहन से गायों को निकाल सेवा में लगे रहे। कड़ाके की ठंड और तस्करों की क्रूरता का शिकार 4 गायों की मौत हो गई जबकि 5 गाय सुरक्षित है । घटना की सूचना पर बतौली पुलिस भी मौके पर पहुंच कर वाहन जब्त कर थाने ले आई है।



घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ व मृत मवेशी।

### दो पशु तस्करों को किया गया गिरफ्तार

**बलरामपुर।** पशु तस्करी के मामले में फरार चल रहे दो अन्य तस्करों को पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल की है जबकि अबतक इस मामले में कुल 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

बता दें कि 17 जुलाई को सेमरसोत जंगल एवं दलधोवा में गौवंशीय पशुओं को तस्करों के कब्जे से बरामद किया गया था। इस मामले में पुलिस ने जांच उपरांत 8 आरोपियों को अबतक गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं अब पुलिस ने इस मामले में फरार चल रहे मुख्य तस्कर सरगना झारखंड के गढ़वा रंका अंतर्गत ग्राम मानपुर निवासी मनोज भुईहर आ. प्रसाद राम व



पस्ता थाना अंतर्गत ग्राम कंडा निवासी प्रदीप सदोम आ. माधव सदोम को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को धारा 4, 6, 10 पशु परिरक्षण अधिनियम, 11(1)(घ) पशु क्रूरता अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



# मुझसे एक्टिंग नहीं होती, रोता हूं तो लोग मुझ पर हंसते हैं : सलमान

**मुंबई।** सलमान खान ने रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में मजमा ही लूट लिया। फेस्टिवल में सलमान ने खुद का मजाक उड़ाया और कहा कि उन्हें एक्टिंग नहीं आती है। और अगर वह रोते हैं तो लोग उन पर हंसने लगते हैं। सलमान ने रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में अपने स्टारडम और शोहरत के बारे में बात करने के बजाय कमियों पर बात की। सलमान खान ने खुद का मजाक उड़ाया और कहा कि वह खुद को एक महान कलाकार नहीं मानते। यहां तक कि उन्हें लगता है कि लोग स्क्रीन पर उनके रोने पर भी हंसते हैं। लेकिन वहां मौजूद लोगों से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने असहमति जताई। हालांकि, सलमान की ईमानदारी पर सब फिदा हो गए।

लाइफ Style



# कृति

## मैं कुछ मजेदार और ताजा करना चाहती थी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कृति सेनन इन दिनों 'कॉकटेल 2' की शूटिंग कर रही हैं। अब एक्ट्रेस ने इस फिल्म को लेकर बड़ी अपडेट साझा की है। साथ ही उन्होंने फिल्म से जुड़े अपने अनुभव भी साझा किए हैं। कृति सेनन मौजूदा वक्त में इंडस्ट्री की लीडिंग एक्ट्रेस में शामिल हैं। वो लगातार बड़ी फिल्मों का हिस्सा बन रही हैं।


उनकी हालिया रिलीज फिल्म 'तेरे इश्क में' ने भी बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ से ऊपर की कमाई की। अब अभिनेत्री इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस बीच अब अभिनेत्री ने फिल्म की शूटिंग से जुड़े किस्सों को साझा किया। साथ ही अपने साथी कलाकारों शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना को लेकर भी बात की। एक्ट्रेस ने फिल्म को लेकर बात करते हुए कहा कि यह एक बहुत ही प्यारी फिल्म है। मुझे लगता है कि कभी-कभी जीवन में जो कुछ भी होता है, उसके पीछे कोई न कोई कारण होता है। 'तेरे इश्क में' एक इंटेंस और इमोशनली थका देने वाली फिल्म थी। मुझे लगता है कि मैं तुरंत कोई और इंटेंस फिल्म नहीं कर सकती थी। मुझमें वह क्षमता नहीं थी। मैं पूरी तरह से थक चुकी थी। मैं कुछ मजेदार, ताजा, कुछ ऐसा करना चाहती थी जो मैंने पहले कभी नहीं किया हो, कुछ ऐसा जिसका मैं आनंद ले सकूं। कृति ने कहा कि 'कॉकटेल 2' बिल्कुल सही समय पर बनी, मुझे इसकी बहुत चाह थी। मैं एक नई, शहरी और मजेदार रोमांटिक कॉमेडी में काम करना चाहती थी। यह बहुत मजेदार रहा है, हमने लगभग दो बड़े शेड्यूल शूट कर लिए हैं।

हॉलीवुड मसाला



# भानुशाली के साथ मिलकर बनाएंगे फिल्म

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड और भारतीय सिनेमा के बीच एक और बड़ी क्रिएटिव साझेदारी की सुगबुगाहट ने फिल्म इंडस्ट्री में हलचल मचा दी है। एक्शन और भव्यता के लिए मशहूर हॉलीवुड फिल्ममेकर माइकल बे अब भारतीय प्रोड्यूसर विनोद भानुशाली के साथ मिलकर एक नई फिल्म पर काम करने जा रहे हैं। इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट का निर्देशन एंथनी डिसूजा करेंगे, जबकि संगीत की कमान भारत के संगीत के जादूगर ए.आर. रहमान के हाथों में होगी। माइकल बे को दुनियाभर में बैड बॉयज़, आर्मगेडन, पर्ल हार्बर और ट्रांसफॉर्मर्स जैसी ब्लॉकबस्टर फ्रेंचाइजी के लिए जाना जाता है।




# रोमांटिक से लेकर थ्रिलर ड्रामा तक में जमाया था रंग

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड डायरेक्टर रॉब रेनर और उनकी पत्नी अपने घर में मृत पाए गए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार दोनों की हत्या हुई है। रॉब रेनर हॉलीवुड के जाने-माने डायरेक्टर और एक्टर थे। अमेरिका के न्यूयॉर्क में 6 मार्च, 1947 को रॉब का जन्म एक यहूदी परिवार में हुआ। पिता कॉर्ल रेनर एक मशहूर एक्टर, कॉमेडियन थे। पिता के कारण ही उनका रुझान भी फिल्मों की तरफ हुआ। रॉब रेनर ने अपने करियर में कई हिट फिल्में बनाईं। एक फिल्म तो ऑस्कर अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट भी हुई। रॉब रेनर ने अपने कॅरियर की शुरुआत एक्टिंग से की थी। उन्हें टीवी सीरियल ऑल इन द फैमिली से पॉपुलैरिटी मिली। इसके बाद उन्होंने डायरेक्शन में कदम रखा। दिस इज स्पाइनल टैप, स्टैंड बाय मी, द प्रिंसेस ब्राइड, व्हेन हैरी मेट सैली, मिजरी, ए फ्यू गुड मैन जैसी हिट फिल्मों का डायरेक्शन किया।



# पति और बेटी के साथ बिताए खास पल

**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा अब एक ग्लोबल स्टार बन चुकी हैं। यही कारण है कि वो काम के सिलसिले में अक्सर भारत भी आती रहती हैं। साथ ही अमेरिका में अपने घर पर भी टाइम बिताती हैं। अब अभिनेत्री ने घर पर पति निक जोनस और बेटी मालती के साथ बिताए गए कुछ पलों को साझा किया है। इनके साथ ही एक्ट्रेस ने ये बताया है कि घर पर बिताए पल वाकई खास ही होते हैं। प्रियंका ने सोमवार सुबह अपने इंस्टाग्राम पर परिवार के साथ घर पर बिताए गए कुछ पलों को साझा किया है। इन तस्वीरों में निक और प्रियंका के प्यार से लेकर मालती के साथ मां की ममता तक देखने को मिलती है। एक तस्वीर में प्रियंका निक की बाहों में आराम से लेटी हुई हैं, जबकि दूसरी में निक उन्हें प्यार से चूमते हुए नजर आ रहे हैं। इस जोड़े को घर पर कैंडललाइट डिनर का आनंद लेते हुए भी देखा जा सकता है।



# तस्कर में इमरान-शरद निभाएंगे भूमिका

**मुंबई।** इमरान हाशमी अब एक नई सीरीज लेकर आ रहे हैं, जिसका नाम है 'तस्करीः द स्मगलर्स वेब'। यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। सीरीज की घोषणा करते हुए मेकर्स ने एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में सीरीज की शूटिंग के दौरान की झलक देखने को मिलती है। जिसमें निर्देशक नीरज पांडे डायरेक्शन करते नजर आते हैं। साथ ही इमरान हाशमी और शरद केलकर समेत सीरीज की स्टारकास्ट अलग-अलग सीन में नजर आती है। जैसा कि नाम से ही पता चलता है कि यह सीरीज एक्शन-सस्पेंस-थ्रिलर होने वाली है। अनाउंसमेंट वीडियो में इमरान हाशमी कस्टम ऑफिसर की यूनिफॉर्म में नजर आते हैं। जबकि शरद केलकर अलग-अलग अंदाज में दिखते हैं। फिलहाल अभी तक कहानी के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।

टीवी मसाला



# 20 से आएगा द ग्रेट इंडियन कपिल शो का चौथा सीजन

**नई दिल्ली।** कॉमेडी किंग कहे जाने वाले कपिल शर्मा एक बार फिर लौट रहे हैं अपने कॉमेडी शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नए सीजन के साथ। ये नया सीजन 20 दिसंबर से नेटफ्लिक्स पर शुरू हो रहा है। शो की शूटिंग से जुड़ी चर्चाएं पहले से ही चल रही थीं। लेकिन. अब ये भी साफ हो गया कि शो का पहला गेस्ट कौन होगा। सोमवार को नेटफ्लिक्स की ओर से इंस्टाग्राम पर शो को लेकर एक पोस्ट की गई। जिसमें ये स्पष्ट किया गया कि 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का नया सीजन 20 दिसंबर से शुरू हो रहा है। साथ ही ओटीटी प्लेटफॉर्म ने ये भी बता दिया कि शो का पहला गेस्ट कोई और नहीं बल्कि 'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा होंगी। प्रियंका चोपड़ा और कपिल का एक पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया, 'जब देसी गर्ल आती हैं, तो माहौल बेहद मजेदार हो जाता है। प्रियंका चोपड़ा द ग्रेट इंडियन कपिल शो के नए सीजन के प्रीमियर एपिसोड में शामिल होंगी। पिछले दिनों प्रियंका चोपड़ा 12 घंटों से भी कम के लिए मुंबई आई थीं। इस दौरान वो सिर्फ कपिल शर्मा के शो के लिए ही स्वदेश वापस आई थीं। प्रियंका शो की शूटिंग करके तुरंत ही अमेरिका वापस लौट गई थीं। उस वक्त शूटिंग के दौरान के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे, जिनमें कपिल ने बड़े ही जोरदार अंदाज में प्रियंका का अपने सेट पर स्वागत किया था। इसके बाद शो में जज के तौर पर नजर आने वाले नवजोत सिंह सिद्धू ने भी प्रियंका चोपड़ा के साथ अपनी तस्वीरें साझा की थीं।

## टीचर ने केबीसी में बिग बी को करवाया योग

**नई दिल्ली।** झीलों की नगरी उदयपुर की योगा टीचर प्रतिभा सिंह ने लोकप्रिय टीवी शो कौन बनेगा करोड़पति में अपनी उपस्थिति से खास पहचान बनाई।



प्रतिभा ने ज्ञान, आत्मविश्वास और योग के माध्यम से शो में एक यादगार क्षण रचते हुए साढ़े सात लाख रुपए की राशि जीती। इसी दौरान उन्होंने सदी के महानायक अमिताभ बच्चन को योग से जुड़े अभ्यास भी करवाए, जिसने इस एपिसोड को दर्शकों के लिए खास बना दिया। पेशे से योग शिक्षिका प्रतिभा सिंह ने शो के दौरान बिग बी को भ्रामरी प्राणायाम और ताड़ासन की योग क्रियाएं करवाईं। अमिताभ बच्चन ने भी पूरे उत्साह के साथ इन योग क्रियाओं को किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा और यह क्षण सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बना। प्रतिभा सिंह ने बताया कि उनका चयन केबीसी में भीम यूपीआई के माध्यम से हुआ था। चयन के बाद वे मुंबई पहुंचीं, जहां शो की रिकॉर्डिंग के दौरान उनके साथ पति सुमित जैन, माता बीना सिंह और सास पवन जैन भी मौजूद रहीं।

# इस हफ्ते ओटीटी पर ये फिल्में-सीरीज देंगी दस्तक

*नई दिल्ली। दिसंबर का तीसरा हफ्ता ओटीटी दर्शकों के लिए खास होने वाला है। 15 से 21 दिसंबर के बीच अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर ऐसी फिल्में और वेब सीरीज आ रही हैं, जो रोमांस, थ्रिलर, कॉमेडी, साइंस-फिक्शन और ड्रामा- हर तरह के दर्शकों का मूड सेट कर देंगी। साल के आखिरी दिनों में घर बैठे बिंज-वॉच का प्लान बना रहे हैं, तो ये लिस्ट आपके लिए परफेक्ट है।*

***मिसेज देशपांडे** : सबसे ज्यादा चर्चा में है माधुरी दीक्षित की नई सीरीज 'मिसेज देशपांडे'। इस रहस्यमयी थ्रिलर में माधुरी एक ऐसे किरदार में दिखेंगी, जो पहले एक सीरियल किलर रह चुकी है और वर्षों जेल में काट चुकी है। कहानी तब नया मोड़ लेती है, जब पुलिस एक नए केस को सुलझाने के लिए उसी महिला की मदद मांगती है, जिसके अपराधों की छाया आज भी सिस्टम पर है। यह सीरीज सस्पेंस पसंद करने वालों के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं। ये सीरीज जियोहॉटस्टार पर शुक्रवार यानी 19 दिसंबर को रिलीज हो रही है।*

***एमिली इन पेरिस** : वहीं, ग्लैमर और हल्के-फुल्के रोमांस के शौकीनों के लिए 'एमिली इन पेरिस' नए सीजन के साथ लौट रही है। इस बार एमिली की जिंदगी पेरिस से आगे बढ़कर रोम पहुंचती है, जहां करियर की नई जिम्मेदारियां, नए लोग और प्यार की उलझनें उसकी राह आसान नहीं रहने देतीं। फैशन, फन और फील-गुड ड्रामा एक बार फिर दर्शकों को बांधे रखने वाला है। नेटफ्लिक्स पर ये सीरीज गुरुवार को रिलीज हो रही है।*



***रात अकेली है** : थ्रिलर की बात करें तो 'रात अकेली है' एक बार फिर दर्शकों को छोटे शहर की अंधेरी गलियों में ले जाएगी। एक रहस्यमयी मौत, कई संदिग्ध और एक ईमानदार पुलिस अफसर—कहानी धीरे-धीरे परतें खोलती है और आखिर तक रोमांच बनाए रखती है। ये फिल्म नेटफ्लिक्स पर शुक्रवार को रिलीज हो रही है।*

***फोर मोर शॉट्स प्लीज 4** : महिला दोस्ती और लाइफ स्ट्रगल्स पर आधारित 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' का आखिरी सीजन भी इसी हफ्ते रिलीज हो रहा है। चार दोस्तों की यह कहानी करियर, रिश्तों और पहचान की तलाश के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां हंसी के साथ इमोशंस का तड़का भी मिलेगा। ये सीरीज अमेजन पर 19 दिसंबर पर स्ट्रीम होने वाली है।*

***फॉलआउट सीजन 2** : साइंस-फिक्शन फैंस के लिए फॉलआउट का दूसरा सीजन तैयार है। न्यूक्लियर तबाही के बाद बचे लोगों की जद्दोजहद, रहस्यमयी वॉल्ट्स और खतरनाक दुनिया- इस सीजन में कहानी और भी गहरी होने वाली है। ये सीरीज अमेजन पर बुधवार यानी 17 दिसंबर पर रिलीज हो रही है।*

***द ग्रेट फ्लड** : कोरियन फिल्म 'द ग्रेट फ्लड' की, जो दर्शकों को एक ऐसी दुनिया में ले जाती है जहां कुदरत ने इंसान की बनाई हर व्यवस्था को तबाह कर दिया है। कहानी एक AI रिसर्चर अन्ना और उसके छोटे बेटे के इर्द-गिर्द घूमती है। ग्लोबल बाढ़ के बाद पूरी पृथ्वी जलमग्न हो चुकी है और अब जिंदा रहने की जंग ऊंची इमारतों तक सिमट गई है। मां-बेटे का रिश्ता, तकनीक और इंसानी हौसले की यह कहानी भावनाओं और रोमांच से भरपूर है। साइंस-फिक्शन पसंद करने वालों के लिए यह फिल्म एक दमदार अनुभव साबित हो सकती है। नेटफ्लिक्स पर ये फिल्म 19 दिसंबर को स्ट्रीम हो रही है।*

# वो सुपरहिट गाना, जो बना हर आशिक की पहली पसंद

**मुंबई।** प्यार एक सुखद अहसास है। हर जवां दिल को पहले प्यार का अहसास 16-17 साल की उम्र में होता है। यह भी सच है कि पहला प्यार हमेशा अधूरा रह जाता है। प्यार की तड़प को गीतकार समीर ने समझा और फिल्म की सिचुएशन के हिसाब से गाने का रूप दिया। 1994 में ऐसी ही एक फिल्म दिलवाले आई थी, जिसमें अजय देवगन-रवीना टंडन और सुनील शेट्टी नजर आए थे। फिल्म का एक गाना 'जीता था जिसके लिए, जिसके लिए मरता था' आज भी हर टूटे दिल की पहली पसंद है। यह गाना गीतकार समीर ने लिखा था। म्यूजिक नदीम श्रवण का था। जब यह गाना रिलीज हुआ तो हर किसी ने अपने कलेजे में इस गीत का दर्द महसूस किया। गाने के बोल में दिल को चीरने वाले थे। कुमार सानू की आवाज और नदीम-श्रवण की धुन किसी की भी आंखों में आंसू ला देती है। हैरी बावेजा के निर्देशन में बनी इस फिल्म की कहानी करण राजदान ने लिखी थी। इस फिल्म के 55 लाख ऑडियो कैसेट बिके थे। फिल्म के सभी गाने सुपरहिट थे। दिलवाले 2 करोड़ के बजट में बनी थी। मूवी ने वर्ल्ड वाइड 12 करोड़ का कलेक्शन किया था। यह एक सुपरहिट फिल्म साबित हुई थी।



## आकर्षक कैरेक्टर और स्वैग वाले विलेन को पसंद कर रहे हैं दर्शक

# गब्बर सिंह से रहमान डकैत तक पर्दे पर छाए ये खलनायक किरदार

*नई दिल्ली। भारतीय दर्शक फिल्मों के अंत में हमेशा एक विलेन को मरते या हारते हुए देखना चाहती है। सालों से यही फॉर्मूला हिट होता आया है लेकिन अब लगता है वक्त बदल रहा है। थिएटर्स में विलेन की एंट्री पर तालियां बज रही हैं, उसकी हिंसा दर्शकों का ध्यान आकर्षित कर रही है। वहीं उसके डायलॉग मशहूर हो रहे हैं। इतना ही नहीं, विलेन पर फिल्माए गए गाने सोशल मीडिया पर आग की तरह फैलते हैं। हाल की बात करें तो धुरंधर में रहमान डकैत के रोल में नजर आने वाले अक्षय खन्ना भी सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। खासकर उन पर फिल्माया गया गाना और उनके द्वारा बोले गए डायलॉग इंटरनेट पर धूम मचा रहे हैं। इससे साबित होता है दर्शक एक आकर्षक कैरेक्टर और स्वैग वाले विलेन को पसंद कर रहे हैं भले ही उसका इरादा गलत हो।*

### रहमान डकैत (धुरंधर, अक्षय खन्ना)

धुरंधर 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है, जिसमें अक्षय खन्ना ने रहमान डकैत का पावरफुल किरदार निभाया है। इस फिल्म से अक्षय का डांस काफी वायरल हुआ और सोशल मीडिया पर इसने खूब चर्चा बटोरी। खास बात यह है कि इस डांस को अक्षय ने खुद कोरियोग्राफ किया और डायरेक्टर से इस पर थोड़ा सा डांस करने की इजाजत उसी मूमेंट पर मांगी। कुछ ही सेकंड का यह डांस सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल गया। फिल्म में रणवीर सिंह ने लीड रोल प्ले किया है और अक्षय खन्ना ने रहमान डकैत का। अक्षय की बेहतरीन एक्टिंग और स्वैगी अवतार दर्शकों का दिल जीत रहा है।

**अलाउद्दीन खिलजी (पद्मावत, रणवीर सिंह)** : रणवीर सिंह ने पद्मावत में अलाउद्दीन खिलजी का किरदार प्ले किया था, फिल्म में उनकी पावरफुल एक्टिंग ने दर्शकों का दिल जीता था। इस पीरियड ड्रामा में शाहिद कपूर ने लीड रोल प्ले किया था और दीपिका पादुकोण ने रानी पद्मावती का। फिल्म से रणवीर सिंह का खली बली गाना काफी वायरल हुआ था वहीं उनके खतरनाक लुक ने भी काफी चर्चा बटोरी थी। पद्मावत 2018 में रिलीज हुई थी।



**राहुल मेहरा (डर, शाहरुख खान)** : 1993 की मशहूर फिल्म डर में शाहरुख खान ने जुनूनी, हकलाने वाले स्टॉकर राहुल मेहरा का किरदार निभाया था, जो इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर में किरण (जूही चावला) को परेशान करता है और उसके मंगेतर सुनील (सनी देओल) से टकराता है। राहुल का किरदार, जो क-क-किरण कैचफ्रेज से मशहूर हुआ, बहुत बड़ा हिट हुआ था। इस फिल्म में शाह रुख हीरो से ज्यादा लाइमलाइट लूट कर ले गए थे।

**गब्बर सिंह (शोले, अमजद खान)** : 1975 में रिलीज हुई बॉलीवुड की कल्ट क्लासिक शोले में भी कुछ ऐसा ही हुआ जिसमें हीरो के साथ-साथ विलेन बने अमजद खान को भी उतनी ही शोहरत मिली। उनके डायलॉग और उनकी स्क्रीन प्रेजेंस आज 50 साल बाद भी दर्शकों का दिल जीत रही है।

### अबरार हक (एनिमल, रणबीर कपूर)

एनिमल में रणबीर कपूर ने लीड रोल प्ले किया था वहीं बॉबी देओल ने खतरनाक विलेन अबरार हक का। हालांकि फिल्म में बॉबी का एक भी डायलॉग नहीं हैं लेकिन उनकी पावरफुल एक्टिंग ने ही उनके किरदार में जान फूंक दी। फिल्म से बॉबी का जमाल कुडू डांस काफी वायरल हुआ था।

### राकेश महदकर (एक विलेन, रितेश देशमुख)

सिद्धार्थ मल्होत्रा, श्रद्धा कपूर और रितेश देशमुख स्टारर एक विलेन एक साइकोलॉजिकल एक्शन थ्रिलर थी जिसमें रितेश ने राकेश नाम के एक साइको किलर का किरदार निभाया था। वह उन औरतों की जान लेता था जो अपनी बात मुखर तरीके से रखती थी। रितेश ने इस किरदार को इतने शानदार तरीके से निभाया था कि दर्शक उनके दीवाने हो गए। यह फिल्म 2014 में रिलीज हुई थी और बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी।

## खबर संक्षेप

### 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवा भी बन सकेंगे मतदाता

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिले के युवाओं के लिए महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि जो युवक-युवतियां 1 अक्टूबर 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करेंगे, वे भी मतदाता बनने के लिए फॉर्म-6 एवं अनुलग्नक-4 (घोषणा पत्र) के साथ आवेदन कर सकते हैं। ऐसे पात्र युवाओं का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ऐसे अर्ह मतदाता 18 दिसंबर तक अपने आवेदन संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के पास अथवा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि ईआरओ द्वारा फॉर्म-5 के माध्यम से ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन के लिए नोटिस जारी करते समय आगामी अर्हता तिथियों 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर 2026 के लिए भी अग्रिम आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि युवा वर्ग के वे सभी निर्वाचक जो 1 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष की अर्ह आयु पूर्ण कर रहे हैं या कर चुके हैं, तथा जिनका नाम किसी कारणवश वर्तमान मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है, वे शीघ्र फॉर्म-6 एवं अनुलग्नक-4 (घोषणा पत्र) भरकर अपने संबंधित बीएलओ या निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा करें।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**अनूपपुर।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर श्रीमती माया विश्वलाल के मार्गदर्शन में 13 दिसंबर को जिला एवं सत्र न्यायालय अनूपपुर एवं तहसील सिविल न्यायालय कोतमा/राजेन्द्रग्राम में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला न्यायालय अनूपपुर में आयोजित नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती माया विश्वलाल के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मनोज कुमार लढ़िया, प्रथम जिला न्यायाधीश/संयोजक नेशनल लोक अदालत नरेन्द्र पटेल, तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्रीकृष्ण डागलिया, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी श्रीमती चैनवती ताराम, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विनोद कुमार वर्मा, सुश्री सुधा पाण्डेय न्यायिक मजिस्ट्रेट, बॉबी सोनकर न्यायिक मजिस्ट्रेट, सुश्री सृष्टि साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट, जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटेल, जिला अधिवक्ता बार संघ से अध्यक्ष संतोष सिंह परिहार, सचिव राम कुमार राठौर, शासकीय अभिभाषक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा, लीगल एड डिफेंस काउंसेल संतदास नापित, जिला अधिवक्ता संघ के समस्त अधिवक्तागण खंडपीठ के सुलहकर्ता सदस्यगण, पैरालीगल वालेंटियर्स, पुलिस बल, बैंक, नगर पालिका, विद्युत विभाग, जिला न्यायालय एवं जिला प्राधिकरण अनूपपर के समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### धान खरीदी में ...

सतर्क ऐप में नियमित फोटो अपलोड को अनिवार्य बताते हुए कलेक्टर ने कहा कि धान विक्रय के लिए आने वाले किसानों, वाहनों और खरीदी प्रक्रिया के प्रत्येक चरण की फोटो ऐप में अपलोड होनी चाहिए, इससे निगरानी व्यवस्था मजबूत होगी और अनियमितताओं पर प्रभावी नियंत्रण रहेगा। कलेक्टर ने रकबा समर्पण के लिए किसानों को प्रेरित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने बताया कि अब तक जिले में 1496 किसानों द्वारा 90 हेक्टेयर से अधिक रकबा समर्पित किया जा चुका है, जिसे और बढ़ाया जाना आवश्यक है। उपार्जन केन्द्रों की स्थिति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बफर लिमिट से अधिक धान जमा होने पर तत्काल सूचना दी जाए। अधिक खरीदी वाले केन्द्रों में रकबा सत्यापन कराने और बोगस धान की संभावना पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। किसानों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में अपर कलेक्टर ने बताया कि हमालों को विशेष ड्रेस उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे उनकी पहचान सुनिश्चित हो सके। साथ ही सभी समितियों में हमालों के नाम एवं आईडी कार्ड संधारित रखने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने दोनों एसडीएम को नियमित रूप से खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। पुलिस विभाग को चेकपोस्टों पर जांच तेज करने तथा अन्य जिलों व राज्यों से अवैध धान परिवहन पर कड़ी निगरानी रखने को कहा गया।

## करंट के फंदे से बाघ की मौत होने की आशंका

# बड़ी लापरवाही : वन अधिकारियों को नहीं थी जंगल में बाघ होने की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/प्रतापपुर

वन परिक्षेत्र घुई अंतर्गत रेवटी जंगल में बाघ का शव मिलने से क्षेत्रवासी हैरान हैं। जिस स्थान पर बाघ का शव मिला है वह गुरूघासी दास तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व की सीमा से सटा है। गुरु घासीदास नेशनल पार्क से तमोर पिंगला अभ्यारण्य तक बाघों की आवाजाही होती रही है। वन अधिकारियों को इसकी जानकारी भी है लेकिन बाघों की सुरक्षा को लेकर विभाग के अधिकारी-कर्मचारी गंभीर नहीं है।

**खास बात**

- घटनास्थल के पास ही है टाइगर रिजर्व का जंगल

यह जानकर हैरानी हो सकती है कि बाघ के तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व के पास भ्रमण करने की जानकारी न तो अभ्यारण्य के अधिकारी-कर्मचारियों को थी न ही सामान्य वन मण्डल के अधिकारी-कर्मचारियों को ही थी। अनुमान लगाया जा रहा है कि गुरु घासीदास नेशनल पार्क से चांदनी-बिहारपुर के रास्ते चार-पांच दिन पूर्व बाघ तमोर पिंगला अभ्यारण्य में पहुंचा होगा तथा शिकार की खोज में पास के घुई जंगल में भ्रमण करने के दौरान तस्करों का शिकार बना होगा। मृत बाघ का शरीर फूला होने एवं शव में सड़क होने के कारण उसकी मौत तीन-चार दिन पहले होने की संभावना जताई जा रही है। जाहिर है कि इस बीच कोई वनकर्मी जंगल की ओर नहीं गया अन्यथा पूर्व में ही घटना की जानकारी मिल सकती थी। यह घटना ऐसे समय में सामने आई है जब विभाग बाघों के संरक्षण को लेकर पूरे देशभर में अभियान चला रहा है साथ ही बाघों की गणना भी की जा रही है। सरगुजा के वन अधिकारी और कर्मचारी भी बाघों की गणना में व्यस्त है। यह बात अलग है कि अधिकारी-कर्मचारियों को घुई जंगल में कई दिनों से बाघ के मौजूद होने की जानकारी तक नहीं मिल सकी।

### जांच उपरांत होगा पीएम

एनटीसीए के मापदण्डों के अनुसार बाघ की मौत होने के मामले की जांच की जाएगी। जांच उपरांत मृत बाघ का पीएम मंगलवार को किया जाएगा।
-वेंकट चेलम, सीसीएफ, वाइल्ड लाइफ



घटना स्थल पर मौजूद वन अधिकारी, इनसेट में मृत बाघ।

### एक माह पूर्व दिया गया था प्रशिक्षण

बाघों के संरक्षण एवं उनकी गणना को लेकर 19 नवम्बर को नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी के विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया था जिसमें संभाग भर के 550 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए थे। प्रशिक्षण उपरांत दिसम्बर महीने में विभाग द्वारा बाघों की गणना भी शुरू कर दी गई है। हैरानी की बात है कि लम्बी दूरी तय कर घुई जंगल में पहुंचे बाघ की किसी को भी कानो कान खबर तक नहीं मिल सकी तथा शिकारियों ने न केवल बाघ का शिकार किया बल्कि उसके नाखून व दांत को भी गायब कर दिया।

#### आज होगा पीएम

बाघ की मौत के कारणों की जांच के लिए घटनास्थल पर 100 मीटर की परिधि को ग्रीन नेट लगाकर सील कर दिया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर घटनास्थल पर त्रिस्तरीय घेरा तैयार किया गया है तथा वन अधिकारी भी घटनास्थल तक नहीं पहुंच सके है। बताया जा रहा है कि विशेषज्ञों एवं स्नीपर डॉग के पहुंचने के बाद पूरी रात मामले की जांच चलेगी। जांच के दौरान एनटीसीए के विशेषज्ञों के अतिरिक्त वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। जांच प्रभावित न हो इसलिए विभाग के सभी अधिकारी पूरी रात घटनास्थल पर मौजूद रहेंगे। जांच पूरी होने के बाद मंगलवार को एनटीसीए के मापदण्डों के अनुसार बाघ का पीएम किया जाएगा।

#### लगातार हो रहा अवैध शिकार

सूरजपुर एवं बलरामपुर वन मण्डल में अवैध शिकार की सर्वाधिक घटनाएं समने आई है। ग्रामीण वन्य जीवों का शिकार करने अक्सर करंट का फंदा लगाते हैं। करंट के फंदे में फंसने से अब तक बड़ी संख्या में हाथियों की मौत हो चुकी है। रात के अंधेरे में फंदे के संपर्क में आने से अनेक ग्रामीणों की भी मौत हो चुकी है। जंगली सुअर का शिकार करने के लिए करंट का फंदा लगाने के कई मामले सामने आ चुके हैं। बाघ की मौत भी शिकार के लिए लगाए गए करंट के फंदे से होने की संभावना जताई जा रही है। बाघ की मौत होने की सूचना पर सूरजपुर कलेक्टर एस जयवर्धन भी घटनास्थल पर पहुंचे थे जबकि मुख्य वन संरक्षक दिलराज प्रभाकर एवं मुख्य वन संरक्षक वाइल्ड लाइफ वेंकट चेलम, सूरजपुर डीएफओ दिलेश्वर साहू, बलरामपुर डीएफओ आलोक वाजपेयी सहित अन्य अधिकारी सुबह से ही घटनास्थल पर मौजूद है।

# केवी चिरमिरी में केवीएस का 63 वां स्थापना दिवस मना




हरिभूमि न्यूज. डोमनहिल

केन्द्रीय विद्यालय चिरमिरी में केन्द्रीय विद्यालय संगठन का 63 वां स्थापना दिवस एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र के महाप्रबंधक एवं अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति अशोक कुमार एवं सब एरिया मैनेजर कुरासिया कॉलरी अरूण सिंह चौहान, विद्यालय की भूतपूर्व शिक्षिका श्रीमती सुजाता भारद्वाज के गरिमामय उपस्थिति में हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, प्राचार्य एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरूआती दौर में सीसीए प्रभारी डॉ.विनीता पाण्डेय द्वारा केन्द्रीय विद्यालय संगठन के गौरवमयी इतिहास, स्थापना, उपलब्धियों और लक्ष्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर संगीत शिक्षिका सुश्री भुनेश्वरी नागवंशी के निर्देशन में प्राथमिक एवं माध्यमिक वर्ग के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। इस दौरान मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अशोक कुमार ने अपने उद्बोधन में सर्वप्रथम समस्त कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को केन्द्रीय विद्यालय संगठन के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा बच्चों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक एवं रंगारंग कार्यक्रमों के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन की स्थापना वर्ष 1963 में हुई थी और आज देशभर में 1287 केन्द्रीय विद्यालय तथा विदेशों में तीन केन्द्रीय विद्यालय संचालित हैं।

आईएसआरओ एवं डीआरडीओ सहित विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में केन्द्रीय विद्यालय के पूर्व छात्र अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं है जहां केन्द्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज न कराई हो। उन्होंने कहा कि मनुष्य को सर्वप्रथम कर्म करना चाहिए, क्योंकि बिना कर्म किए भाग्य भी साथ नहीं देता।

# राजवाड़े समाज समिति पटना के अध्यक्ष बनें कृपाल



हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

राजवाड़े समाज समिति क्षेत्र पटना का पुर्नगठन जिला चुनाव संचालन समिति के निर्देश में किया गया। इसमें ग्राम सरभोका निवासी कृपाल राम राजवाड़े को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया, वहीं संरक्षक रामलाल राजवाड़े, श्रीमती रमावती राजवाड़े, उपाध्यक्ष हीरालाल राजवाड़े, सचिव अवधेश प्रताप राजवाड़े, सह सचिव गणेश कुमार राजवाड़े, कोषाध्यक्ष रामनारायण राजवाडे, उप कोषाध्यक्ष महेन्द्र राजवाडे, संचालक कतवारी लाल राजवाड़े, सह संचालक श्रीमती समुद्री राजवाड़े, संगठन महामंत्री मैनेजर राजवाड़े, सह सचिव गुलाब राजवाडे चुने गए। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में श्रीमती पूनम राजवाड़े, राजलाल राजवाड़े, श्रीमती गीता राजवाड़े, श्रीमती उषा राजवाड़े, श्रीमती चंद्रमणी राजवाड़े, श्रीमती राधा बाई राजवाड़े, श्रीमती रचना राजवाड़े, श्रीमती हेमलता राजवाड़े, रती राम राजवाड़े, टेकराम राजवाडे एवं अमरजीत राजवाड़े को सर्वसम्मति से चुना गया। समाज के क्षेत्र समिति के पुर्नगठन में अध्यक्ष रविशंकर राजवाडे, हरिप्रसाद राजवाड़े, रामप्रसाद राजवाडे, हेमंत राजवाड़े, आरसी राजवाड़े, राजेश नारायण राजवाडे के साथ जिला चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष राम कुमार राजवाडे के अलावा अन्य क्षेत्र व जिला के पदाधिकारी व समाज के सदस्यगण उपस्थित रहे।




# 21 को होगा पूर्व छात्रों का समागम

मनेन्द्रगढ़। मनेन्द्रगढ़ में 1970 में शुरू हुई सरस्वती शिशु मंदिर संस्थान के पचपन साल के इतिहास में पहली बार पूर्व छात्रों का सम्मेलन होने जा रहा है। यह आयोजन 21 दिसंबर को सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में होगा। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए स्कूल के प्राचार्य विनोद शुक्ला ने बताया कि 1983 से 2005 तक विद्यालय से पढ़कर निकले भैया और बहिन पूर्व छात्रों के सम्मेलन में शामिल होंगे। विद्यालय के सभी पूर्व छात्रों के सहयोग से आयोजन को लेकर रूपरेखा बनाई गई है। जिसकी तैयारियां अंतिम चरणों में चल रही है। सुबह 8 बजे से सम्मेलन शुरू होगा जो शाम 6 बजे तक चलेगा जिसमे पूर्व और वर्तमान में कार्यरत आचार्यो का सम्मान और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे, इसके अलावा विद्यालय से शाम को घोष दल के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी।

# तुलसी महाविद्यालय में व्याख्यानमाला

**अनूपपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स, शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में भारतीय भाषा दिवस पर हिन्दी विभाग एवं अर्थशास्त्र विभाग तथा अखिल भारतीय साहित्य परिषद के तत्वावधान में आत्मबोध से विश्वबोध विषय पर व्याख्यानमाला तथा कवि स्व. रमावती देवी स्मृति कविगोष्ठी का आयोजन प्राचार्य डॉ. अनिल सक्सेना के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम 2 सत्रों में आयोजित होकर सफल रहा। कार्यक्रम के प्रथम सत्र का प्रारंभ मॉ वीणापाणि की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित और पूजा-अर्चना कर की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.राकेश सोनी प्राध्यापक, दर्शनशास्त्र अमरकंटक विश्वविद्यालय एवं अध्यक्ष अखिल भारतीय साहित्य परिशद महाकौशल प्रांत रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेन्द्र तिवारी, जिला सरसंघ चालक अनूपपुर ने किया।

# मशाल रैली के साथ पब्लिक स्कूल में खेल उत्सव

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ के द्वारा मशाल रैली का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल में खेल उत्सव की शुरूआत का प्रतीक है।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लिंगराज सिदार एवं मनेन्द्रगढ़ थाना प्रभारी दीपेश सैनी के द्वारा मशाल जलाकर एवं हरीझंडी दिखाकर रैली को प्रारंभ करवाया गया। प्रत्येक वर्ष एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल के द्वारा खेल उत्सव की शुरूआत मशाल रैली निकालकर की जाती है, जोकि मनेन्द्रगढ़ के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरते हुए एकेडमिक हाइट पब्लिक स्कूल परिसर में जाकर संपन्न होती है और इसके साथ ही हो जाती है खेल उत्सव की शुरूआत। विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए सभी प्रकार की मानसिक, शारीरिक, बौद्धिक गतिविधियों का आयोजन लगातार समय-समय पर किया जाता है।



इसी कड़ी में प्रत्येक वर्ष दिसंबर माह में खेल उत्सव का आयोजन किया जाता है। इसमें खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, रिले दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, भाला फेंक, कैरम, शतरंज सहित विभिन्न आउटडोर एवं इंडोर प्रतियोगिताओं का आयोजन होता है। इस वर्ष 22 दिसंबर को इस खेल उत्सव का फाइनल एवं समापन समारोह आयोजित किया जाएगा।

# कृषि अधिकारियों को मिला नया नेतृत्व

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



छग कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ जिला इकाई एमसीबी की नवीन कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया है। प्रदेश संगठन की स्वीकृति के बाद जारी अधिसूचना के अनुसार दीपक कुमार साहू को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि पीएल तिवारी को संरक्षक बनाया गया है। उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी हर्ष कुमार अहिरवार, संजय अम्लेश एवं देवशरण द्विवेदी को दी गई है। विकास कुमार चौरसिया एवं राजकुमार सेन्द्राम सचिव तथा राजेन्द्र कुमार गुप्ता एवं सूरज कुमार भगत कोषाध्यक्ष होंगे। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष अरूंधति राज होंगी। उपाध्यक्ष पद पर मोनिका मराबी, गरिमा सिंह एवं किंजल सिंह को दायित्व सौंपा गया है। मीडिया प्रभारी के रूप में रहमत उल्ला काजी, रामबिहारी लहरे एवं दुर्गेश पटेल की नियुक्ति की गई है। विकासखंड अध्यक्ष अमित कुमार सेन मनेन्द्रगढ़, दुर्गेश कुमार सिंह भरतपुर एवं नफीस आलम खड़गवां बनाए गए हैं। कृषि विकास अधिकारी प्रकोष्ठ का संयोजन जितेन्द्र झा को सौंपा गया है। सभी पदाधिकारियों ने संगठन व किसान हित में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया है।

# अनूपपुर में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण

हरिभूमि न्यूज. अनूपपुर




धर्मनगरी अनूपपुर में इन दिनों भागवत कथा पंचम दिवस पर पहुंच गई। जहां काफी संख्या में धर्म प्रेमी पहुंचकर कथा का आनंद ले रहे हैं। संकल्प कालेज एवं पुराने पालिटेक्निक भवन वार्ड 6 में चल रही भागवत कथा में कथा वाचक के रूप में व्यास पीठ की आसंदी से कथा व्यास परम पूज्य संत शिरोमणि वैष्णव कुलभूषण राम बल्लभा कुंज पीठाधीश्वर 1008 राम शंकर दास वेदांती पीठाधीश्वर श्रीराम वल्लभाकुंज जानकी घाट, अयोध्या धाम महाराज व्यास द्वारा ध्रुव चरित्र की कथा कहते हुए कहा कि भगवान की भक्ति का ही परम पताप हैं कि पिता के प्यार से वंचित अबोध बालक को भगवान के प्रति हुए अनुराग का प्रतिफल ऐसे परम धाम की प्राप्ति हुई जो सप्त ऋषियों को नहीं मिल पाई। भक्ति का भाव ही ऐसा है भगवान इसके बंधन में बंधे हैं।

# राजीव गांधी आश्रय योजना से वंचित हुए दर्जनों हितग्राही

**बैकुण्ठपुर।** राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत पट्टा वितरण एवं प्रधान मंत्री आवास योजना से वंचित पात्र हितग्राहियों को शीघ्र योजना का लाभ दिए जाने की मांग को लेकर नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद धीरज कुमार शिवहरे ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर की। अपने ज्ञापन में पार्षद धीरज शिवहरे ने उल्लेख किया है कि राजीव गांधी आश्रय योजना के अंतर्गत पट्टा नहीं मिलने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 से नपा बैकुंठपुर अंतर्गत के कई पात्र हितग्राही वंचित है। पार्षद ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई राजीव गांधी आश्रय योजना के अंतर्गत नगर बैकुंठपुर क्षेत्र के कई वास्तविक गरीब एवं आवासहीन नागरिकों को अब तक पट्टे का वितरण नहीं किया गया है। उक्त योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को पट्टा नहीं मिलने के कारण अब वे प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में भी पात्र होने के बावजूद वंचित रह जा रहे हैं।

### पहचान खो रहा चिल्ड्रन पार्क...



बैकुण्ठपुर। शहर के वार्ड क्रमांक 5 में बनाया गया चिल्ड्रन पार्क रख-रखाव के अभाव में अब अपना अस्तित्व खो चुका है। यह स्थल कभी बच्चों के मुस्कान का केन्द्र रहा वह आज झाड़ियों का जंगल बन गया।

# टोकन ऐप : छोटे किसानों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



छग सरकार ने किसान हितैषी पहल को आगे बढ़ाते हुए धान खरीदी व्यवस्था को और अधिक सरल, पारदर्शी व सुविधाजनक बना दिया है। किसानों की व्यावहारिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अब तूहर टोकन ऐप 24 बाई 7 उपलब्ध रहेगा, जिससे किसान दिन-रात किसी भी समय अपनी सुविधा अनुसार टोकन बुक कर सकेंगे।

इस व्यवस्था से किसान 13 जनवरी तक अग्रिम टोकन प्राप्त कर सकेंगे, इससे समितियों में भीड़, तकनीकी दबाव और अंतिम समय की हड़बड़ी जैसी समस्याओं में कमी आएगी। अग्रिम योजना के साथ धान विक्रय होने से पूरी प्रक्रिया अधिक सुव्यवस्थित और सुचारू रूप से संचालित होगी। राज्य सरकार ने लघु एवं सीमांत किसानों के हित में विशेष निर्णय लेते हुए 2 एकड़ अथवा उससे कम रकबा वाले किसानों को 31 जनवरी 2026 तक तूहर टोकन ऐप के माध्यम से टोकन लेने की सुविधा दी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में लिया गया यह निर्णय छोटे किसानों को बिना दबाव अपनी उपज विक्रय का भरोसा और आत्मविश्वास प्रदान करेगा। टोकन जारी करने की प्रक्रिया शासन द्वारा निर्धारित सीमा के भीतर नियंत्रित व पारदर्शी रहेगी। प्रत्येक सहकारी समिति को संतुलित ढंग से टोकन जारी किए जाएंगे, ताकि सभी किसानों को समान अवसर मिल सके।

